**प्रेषक,**

**निदेशक,**

पंचायतीराज, उत्तर प्रदेश।

**सेवा में,**

1— **समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं0),**
उत्तर प्रदेश।

2— **समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

**संख्याः** 5/501/RGSA/01/2019 लखनऊ दिनांक 26 नवम्बर, 2019

**विषयः** **<u>डॉ0 राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण अभियान वर्ष 2019—20 हेतु स्मार्ट मण्डलीय कार्यालय, जनपदीय कार्यालय एवं ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किये जाने के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2019—20 में डॉ0 राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति की तृतीय बैठक के निर्गत कार्यवृत्त दिनांक 26.08.2019 के एजेण्डा बिन्दु—3 में प्रदेश के 01 मण्डलीय कार्यालय को स्मार्ट मण्डलीय कार्यालय, 02 जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय को स्मार्ट जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय एवं प्रदेश के प्रत्येक मण्डल से 01 ग्राम पंचायत को स्मार्ट ग्राम पंचायत के रूप में पुरस्कृत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2019—20 में डॉ0 राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण योजनान्तर्गत प्रदेश के 01 स्मार्ट उपनिदेशक (पं0) कार्यालय, 02 जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय एवं प्रत्येक मण्डल की 01 ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किये जाने हेतु निम्नवत् दिशा—निर्देश निर्गत किये जाते हैः—

**1— स्मार्ट मण्डलीय कार्यालय के चयन हेतु निम्न कार्यवाही किया जाना अपेक्षित हैः—**

- सर्वप्रथम मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) द्वारा हमारी पंचायत पोर्टल (http://hamaripanchayat.up.gov.in) पर आर0एम0एल0 अवार्ड के अन्तर्गत लॉगिन करते हुए 50 अंको वाली 12 प्रश्नों की प्रश्नावली एवं जिन मण्डलों में डी0पी0आर0सी0 की स्थापना/संचालन किया जा रहा है उन मण्डलों हेतु मूल्यांकन 14 प्रश्नों वाली 60 अंकों की प्रश्नावली भरकर ऑनलाइन फ्रीज करना है एवं प्रश्नों से सम्बन्धित दस्तावेज/साक्ष्य बिन्दुवार ऑनलाइन/ ऑफलाइन माध्यम से राज्य कार्यकारी समिति को उपलब्ध कराना है।
- उक्त प्रश्नावली को भरने एवं फ्रीज करने हेतु यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड सम्बन्धित मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) के विभागीय एन0आई0सी0 ईमेल पर उपलब्ध करा दिया गया है।
- योजनान्तर्गत गठित राज्य कार्यकारी समिति द्वारा गठित राज्य स्तरीय सत्यापन दल द्वारा 01 पुरस्कृत किये जाने वाले मण्डलीय कार्यालय हेतु प्राप्त अंको के अवरोही क्रम में सर्वोत्कृष्ट तीन गुनी अर्थात् 03 मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) कार्यालय का राज्य स्तरीय सत्यापन दल द्वारा स्थलीय सत्यापन करते हुए ऑनलाइन माध्यम से फ्रीज कर राज्य कार्यकारी समिति को अग्रसारित करेंगी।

- योजनान्तर्गत गठित राज्य कार्यकारी समिति द्वारा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 01 स्मार्ट मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) कार्यालय को पुरस्कृत की जाने की कार्यवाही की जायेगी।

2— **स्मार्ट जनपदीय कार्यालय के चयन हेतु निम्न कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है:—**

- सर्वप्रथम जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा हमारी पंचायत पोर्टल (http://hamaripanchayat.up.gov.in) पर आर0एम0एल0 अवार्ड के अन्तर्गत लॉगिन करते हुए 50 अंको वाली 14 प्रश्नों की प्रश्नावली भरकर ऑनलाइन फ्रीज करना है एवं प्रश्नों से सम्बन्धित दस्तावेज/साक्ष्य बिन्दुवार ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से राज्य कार्यकारी समिति को उपलब्ध कराना है।
- उक्त प्रश्नावली को भरने एवं फ्रीज करने हेतु यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड सम्बन्धित जिला पंचायत राज अधिकारी के विभागीय एन0आई0सी0 ईमेल पर उपलब्ध करा दिया गया है।
- योजनान्तर्गत गठित राज्य कार्यकारी समिति द्वारा मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) की अध्यक्षता में गठित मण्डल स्तरीय सत्यापन दल द्वारा 02 पुरस्कृत किये जाने वाले जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय हेतु प्राप्त अंको के अवरोही क्रम में सर्वोत्कृष्ट तीन गुनी अर्थात् 06 जनपदीय कार्यालय का मण्डल स्तरीय सत्यापन दल द्वारा स्थलीय सत्यापन करते हुए ऑनलाइन माध्यम से फ्रीज कर राज्य कार्यकारी समिति को अग्रसारित करेंगी।
- योजनान्तर्गत गठित राज्य कार्यकारी समिति द्वारा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 02 स्मार्ट जनपद कार्यालय को पुरस्कृत की जाने की कार्यवाही की जायेगी।

3— **स्मार्ट ग्राम पंचायतों के चयन हेतु निम्न कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है:—**

- सर्वप्रथम ग्राम पंचायतों द्वारा हमारी पंचायत पोर्टल (http://hamaripanchayat.up.gov.in) पर आर0एम0एल0 अवार्ड के अन्तर्गत लॉगिन करते हुए 50 अंको वाली 10 प्रश्नों की प्रश्नावली भरकर ऑनलाइन फ्रीज करना है एवं प्रश्नों से सम्बन्धित दस्तावेज/साक्ष्य बिन्दुवार ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से जनपद पर उपलब्ध कराना है।
- उक्त प्रश्नावली को भरने एवं फ्रीज करने हेतु समस्त ग्राम पंचायतों के यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड सम्बन्धित जिला पंचायत राज अधिकारी के विभागीय एन0आई0सी0 ईमेल पर उपलब्ध करा दिये गये हैं।
- जनपद स्तर पर मुख्य मंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत गठित जनपद स्तरीय समिति द्वारा जनपद स्तर पर आवेदित ग्राम पंचायतों के प्रारम्भिक जांचोंपरान्त अंको के अवरोही क्रम में सर्वोत्कृष्ट 02 ग्राम पंचायतें ऑनलाइन फ्रीज कर मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) की अध्यक्षता में गठित मण्डल स्तरीय सत्यापन दल को अग्रसारित करेगी।
- मण्डल स्तरीय सत्यापन दल द्वारा उक्तानुसार जनपदों से प्राप्त कुल पंचायतों में से प्राप्त अंको के अवरोही क्रम में सर्वोत्कृष्ट 03 ग्राम पंचायतों का स्थलीय सत्यापन करते हुए ऑनलाइन माध्यम से सर्वोत्कृष्ट 01 ग्राम पंचायत फ्रीज कर राज्य कार्यकारी समिति को अग्रसारित करेंगी।
- योजनान्तर्गत गठित राज्य कार्यकारी समिति द्वारा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली प्रत्येक मण्डल से 01 स्मार्ट ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत की जाने की कार्यवाही की जायेगी।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि स्मार्ट उपनिदेशक (पं0), जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय एवं ग्राम पंचायतों द्वारा ऑनलाइन प्रश्नावली के प्रश्नों को भरकर दिनांक 16 दिसम्बर, 2019 तक फ्रीज कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय,**

26/11/19

**निदेशक,**

**पंचायती राज, उ0प्र0।**

**संख्याः 5/501 /1/2019 तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— प्रमुख सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।

2— समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

3— समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

4— समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

26/11/19

**निदेशक,**

**पंचायती राज, उ0प्र0।**

# डॉ0 राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण अभियान वर्ष 2019–20 हेतु स्मार्ट ग्राम पंचायतों के निर्धारण हेतु पश्नावली–

| क्र.सं. | प्रश्न विवरण | अधिकतम अंक | नम्बर मार्किंग | सम्बंधित दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल अंक–50 |
| 1 | क्या ग्राम पंचायत में पंचायत कार्यालय पंचायत भवन में स्थापित है अथवा नहीं यदि पंचायत भवन नहीं है तो जहां कार्यालय स्थापित है उसका विस्तृत विवरण दें–<br>◯ हाँ<br>◯ नहीं<br>विस्तृत विवरण– | 02 | • हाँ – 2 अंक<br>• नहीं –0 अंक | सम्बंधित दस्तावेज/फोटोग्राफ/वीडियाग्राफी |
| 2 | पंचायत में स्थापित कार्यालय के अन्तर्गत निम्नलिखित तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध है?<br>☐ कम्प्यूटर/लैपटॉप, प्रिंटर सहित<br>☐ स्मार्ट टी0वी0/प्रोजेक्टर<br>☐ इंटरनेट व्यवस्था<br>☐ विद्युत व्यवस्था<br>☐ इनवर्टर/सोलर व्यवस्था<br>☐ कम्प्यूटर आपरेटर की व्यवस्था | 12 | • 2 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज /फोटोग्राफ |
| 3 | पंचायत कार्यालय में निम्नलिखित व्यवस्थायें उपलब्ध हैं?<br>☐ महिला शौचालय<br>☐ पुरूष शौचालय<br>☐ फर्नीचर व्यवस्था (प्रधान एवं सचिव हेतु अलग–अलग फर्नीचर)<br>☐ पुस्तकालय<br>☐ सी.एस.सी. पंचायत भवन में संचालित है अथवा नहीं | 05 | • 1 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/फोटोग्राफ |
| 4 | ग्राम पंचायत पी.ई.एस. द्वारा पोर्टल के निम्नलिखित एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर पर की गई प्रगति का विवरण दें:–<br>☐ प्लान प्लस 2019–20 कार्ययेजना अपलोड है<br>☐ 14वाँ वित्त आयोग अन्तर्गत ऑनलाइन पेमेन्ट हो रहा है<br>☐ एन.पी.पी./स्वयं की वेबसाइट पर ग्राम पंचायत का वेबपेज विकसित है<br>☐ ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर 31 अक्तूबर, 2019 तक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन का शत्प्रतिशत निस्तारण (जन्म, मृत्यु तथा कुटंब रजिस्टर) को ऑन लाइन माध्यम से उपलब्ध है | 06 | • 1 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड रिपोर्ट के अनुसार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ☐ पंचायत की जी आई एस मैपिगं कर सभी मुख्य परिसम्पत्तियों के जिओ टैगिंग की गयी है<br>☐ आई.जी.आर.एस. पर 30 नवम्बर, 2019 तक समस्त प्रकरण निस्तारित है | | | |
| 5 | ग्राम पंचायत में सोशल मीडिया का इस्तेमाल पंचायत नागरिकों हेतु सूचना प्रसारण तथा समस्या निराकरण हेतु किया जा रहा है?<br>◯ हाँ ◯ नहीं<br>यदि हां तो इनमें से क्या–क्या उपयोग किया जा रहा है:–<br>◯ पब्लिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम<br>◯ व्हाट्सअप<br>◯ फेसबुक पेज<br>◯ टिव्टर | 04 | • यदि हां तो 1 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज |
| 6 | जन योजना अभियान अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में पांच चरणों के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही का विवरण<br>☐ वातावरण निर्माण हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया है<br>☐ पारिस्थितिकीय विश्लेषण<br>☐ आवश्यकताओं/समस्याओं की पहचान एवं प्राथमिकताओं का निर्धारण हेतु ग्राम सभा का आयोजन कर लिया गया है<br>☐ ग्राम पंचायत विकास योजना के लिये संसाधनों का निर्धारण एवं ड्राफ्ट प्लान तैयार कर लिया गया है<br>☐ प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया है | 05 | • 1 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | जी.पी.डी.पी. वेबसाइट पर अपलोड की गई सूचना के आधार पर |
| 7 | जन योजना अभियान वर्ष 2020–21 अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा की गयी कार्यवाही<br>☐ शत्प्रतिशत<br>☐ वर्ष 2019–20 में कराये गये कार्यों एवं आय–व्यय के विवरण को पी.आई.बी. के माध्यम से कराया गया है एवं उसकी जीओ टैंगिंग कराई गयी | 04 | • 2 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | जी.पी.डी.पी. वेबसाइट पर अपलोड की गई सूचना के आधार पर |
| 8 | एक्शन सॉफ्ट के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में लिए गए कुल कार्यो के सापेक्ष कार्यों के पूर्ण होने का प्रतिशत (एक्शन सॉफ्ट रिपोर्ट के अनुसार)<br>☐ 81–100 प्रतिशत<br>☐ 61–80 प्रतिशत<br>☐ 41–60 प्रतिशत<br>☐ 0–40 प्रतिशत | 04 | • 0–40 –1 अंक<br>• 41–60–2 अंक<br>• 61–80–3 अंक<br>• 81–100–4 अंक | एक्शन सॉफ्ट पोर्टल |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | ग्राम पंचायत को स्मार्ट पंचायत बनाने हेतु पंचायत द्वारा किये गए अनुपम प्रयोग एवं उपलब्धियों का विवरणः–<br>(अधिकतम 500 शब्द) | 03 | – मूल्यांकन के आधार पर<br>• 150–शब्द –1 अंक<br>• 300–शब्द–2 अंक<br>• 500–शब्द–3 अंक | सम्बन्धित दस्तावेज / फोटोग्राफ |
| 10 | सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम पर ग्राम पंचायातों द्वारा की गई कार्यवाही :–<br>☐ गोवंश के संरक्षण हेतु किये गये प्रयास<br>☐ जल शक्ति अभियान हेतु रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए क्या प्रयास किये गए<br>☐ वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में कितने वृक्ष लगाए गए<br>☐ सिंगल प्लास्टिक प्रतिबंध हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया<br>☐ ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्रयास | 05 | • 1 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज / फोटोग्राफ / वीडियाग्राफी |

## डॉ0 राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण अभियान वर्ष 2019–20 हेतु स्मार्ट मण्डलीय कार्यालय के निर्धारण हेतु पश्नावली– (वैकल्पिक प्रश्नावली के साथ)

| क्र.सं. | प्रश्न विवरण | अधिकतम अंक | नम्बर मार्किंग | सम्बंधित दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल अंक–50 |
| 1 | मण्डलीय कार्यालय के समस्त अधिकारी/तकनीकी कर्मचारी के पास कम्प्यूटर/लैपटाप/उपलब्ध है ?<br>◯ हाँ<br>◯ नहीं<br>यदि हाँ तो कुल संख्या– ☐ | 05 | • हाँ – 5 अंक<br>• नहीं –0 अंक | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ |
| 2 | मण्डलीय कार्यालय में इन्टरनेट कनेक्टीविटी हेतु ब्राडबैंड/लीजलाइन उपलब्ध है?<br>◯ हाँ<br>◯ नहीं | 05 | • हाँ – 5 अंक<br>• नहीं –0 अंक | सम्बंधित दस्तावेज /फोटोग्राफ |
| 3 | मण्डलीय कार्यालय में समस्त अधिकारी तथा कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन ई.एच.आर.एम.एस. पोर्टल पर कर दिया गया है।<br>◯ हाँ<br>◯ नहीं | 04 | • हाँ – 4 अंक<br>• नहीं –0 अंक | सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड रिपोर्ट के अनुसार |
| 4 | मण्डलीय कार्यालय में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की सर्विस बुक ई.एच.आर.एम.एस. पर अद्यतन की जा चुकी है:–<br>◯ हाँ<br>◯ नहीं | 04 | • हाँ – 4 अंक<br>• नहीं –0 अंक | सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड रिपोर्ट के अनुसार |
| 5 | आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर माह 30 नवम्बर, 2019 तक समस्त निम्नलिखित प्रकार के प्रकरण निस्तारित है?<br>☐ समस्त मा0मुख्यमंत्री सन्दर्भ निस्तारित हैं।<br>☐ समस्त मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भ निस्तारित हैं।<br>☐ समस्त ऑनलाइन सन्दर्भ निस्तारित हैं।<br>☐ समस्त पी.जी.पोर्टल सन्दर्भ निस्तारित हैं। | 04 | • 01 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड रिपोर्ट के अनुसार |
| 6 | वित्तीय वर्ष 2017–18 में आर.जी.एस.ए. योजनान्तर्गत मण्डल को प्राप्त प्रशिक्षण सम्बन्धी कुल धनराशि के उपभोग का प्रतिशत अंकित करते हुए उपभोग प्रमाण–पत्र निदेशालय को प्रेषित किया गया है?<br>☐ 91–100 प्रतिशत<br>☐ 71–90 प्रतिशत<br>☐ 51–70 प्रतिशत<br>☐ 50 प्रतिशत से कम | 04 | • 0–50 –1 अंक<br>• 51–70–2 अंक<br>• 71–90–3 अंक<br>• 91–100–4 अंक | सम्बंधित दस्तावेज |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | क्या मण्डल स्तर पर वर्ष 2018–19 में कराये गये प्रशिक्षण में जनपद रिर्सोस ग्रुप (डी.आर. जी.) को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया है?<br>☐ जी.पी.डी.पी.<br>☐ पंचायत इन्टरप्राईज सूट<br>☐ पी.एफ.एम.एस.<br>☐ ई.एच.आर.एम.एस.<br>☐ ओ.एस.आर.<br>☐ ई–टेण्डर | 03 | • 0.5 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ |
| 8 | क्या मण्डल स्तर पर वर्ष 2019–20 में कराये गये प्रशिक्षण में जनपद रिर्सोस ग्रुप (डी.आर. जी.) को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया है?<br>☐ जी.पी.डी.पी.<br>☐ पंचायत इन्टरप्राईज सूट<br>☐ पी.एफ.एम.एस.<br>☐ ई.एच.आर.एम.एस.<br>☐ ओ.एस.आर.<br>☐ ई–टेण्डर | 03 | • 0.5 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ |
| 9 | मण्डलीय कार्यालय परिसर में सफाई सम्बन्धी निम्नलिखित गतिविधियों पर उत्तर दें–<br>☐ कार्यालय, परिसर एवं शौचालय में प्रतिदिन सफाई होती है।<br>☐ उपनिदेशक (पं0) कार्यालय कक्ष पूर्णतया स्वच्छ है।<br>☐ कार्यालय परिसर पूर्णतया स्वच्छ है।<br>☐ महिला एवं पुरूष शौचालय पूर्णतया स्वच्छ हैं। | 08 | • 02 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ |
| 10 | मण्डलीय कार्यालय में तकनीकी कार्य किये जाने हेतु कम्प्यूटर ट्रेनिंग तथा मानिटरिंग हेतु तकनीकी सेल उपलब्ध है?<br>◯ हाँ<br>◯ नहीं | 02 | • हाँ – 2 अंक<br>• नहीं –0 अंक | सम्बन्धित दस्तावेज/फोटोग्राफ |
| 11 | क्या मण्डलीय कार्यालय की तकनीकी सेल का उपयोग निम्न कार्यों में किया जाता है?<br>☐ जनपद स्तर के रिसोर्स को समय–समय पर नये सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षित किया जाता है।<br>☐ मण्डल के समस्त जनपदों में चल रही विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन की जाती है? | 04 | • 02 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बन्धित दस्तावेज/फोटोग्राफ |
| 12 | मण्डलीय कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति की मानिटरिंग हेतु बायोमैट्रिक सुविधा उपलब्ध है?<br>◯ हाँ<br>◯ नहीं | 04 | • हाँ – 5 अंक<br>• नहीं –0 अंक | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ |

# वैकल्पिक प्रश्नावली

## (जिन मण्डलों के अन्तर्गत डी0पी0आर0सी0 स्थापित है उनके लिए अनिवार्य)

| क्र.सं. | प्रश्न विवरण | अधिकतम अंक | नम्बर मार्किंग | सम्बंधित दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **कुल अंक–10** |
| | **क्या मण्डल में डी.पी.आर.सी. है? हाँ ☐ नहीं ☐** | | | |
| 1 | मण्डल में स्थापित डी0पी0आर0सी0 में प्रशिक्षण सत्रों के संचालन हेतु निम्नलिखित सुविधायें उपलब्ध हैं–<br>☐ कुर्सी, मेज<br>☐ प्रोजेक्टर<br>☐ कम्प्यूटर /लैपटॉप<br>☐ महिला एवं पुरूष शौचालय<br>☐ माइक एवं साउण्ड सिस्टम<br>☐ वातानुकूलन व्यवस्था<br>☐ कम्प्यूटर ऑपरेटर/अनुसेवक<br>☐ | 07 | • 01 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ/वीडियोग्राफी |
| | **क्या मण्डल में डी.पी.आर.सी. है? हाँ ☐ नहीं ☐** | | | |
| 2 | डी.पी.आर.सी. द्वारा आयोजित समस्त प्रशिक्षणों का निम्नलिखित दस्तावेजीकरण (Documentation) किया गया है<br>☐ प्रशिक्षण की रिर्पोट एम.पी.आर.पोर्टल पर अद्यतन के साथ<br>☐ फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी<br>☐ प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन/उपस्थिति विवरण | 03 | • 01 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ/वीडियोग्राफी |

# डॉ0 राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण अभियान वर्ष 2019–20 हेतु स्मार्ट जनपदों के निर्धारण हेतु प्रश्नावली–

| क्र.सं. | प्रश्न विवरण | अधिकतम अंक | नम्बर मार्किंग | सम्बंधित दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल अंक–50 |
| 1 | डी.पी.आर.ओ. कार्यालय के अन्तर्गत तकनीकी व्यवस्था हेतु निम्नलिखित में से क्या–क्या सुविधायें उपलब्ध है ?<br>☐ समस्त प्रशासनिक/तकनीकी अधिकारियों/कर्मचारिया मध्य कम्प्यूटर/लैपटॉप प्रिटंर के साथ उपलब्ध है<br>☐ समस्त प्रस्तावित मैनपावर (तकनीकी तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर) के सापेक्ष समस्त पद भरे हुए हैं<br>☐ क्या विद्युत बैकअप हेतु इन्वर्टर की व्यवस्था उपलब्ध है।<br>☐ क्या डेस्कटॉप/लैपटॉप तथा अन्य तकनीकी उपकरणों को चलाने के लिए विद्युत बैकअप हेतु जनरेटर/सोलर की सुविधा उपलब्ध है?<br>☐ इंटरनेट कनेक्टिविटी हतु लीज–लाइन/ब्राडबैंड उपलब्ध है<br>☐ इन्टरनेट कनेक्टिविटी हेतु परिसर में वाई–फाइ तथा अन्य इन्टरनेट बैकअप उपलब्ध है। | 06 | • 01 अंक प्रत्यके विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/फोटोग्राफ/वीडियाग्राफी |
| 2 | क्या कार्यालय में जन योजना अभियान वर्ष 2019–20/पी.एफ.एम.एस.–प्रिया सॉफ्ट भुगतान के मॉनिटरिंग हेतु वॉर रूम बनाया गया है तथा ग्राम पंचायतों में प्रगति की समीक्षा वॉर रूम द्वारा की जाता है<br>☐ हाँ<br>☐ नहीं | 02 | • यदि हाँ तो 02 अंक | सम्बन्धित दस्तावेज /फोटोग्राफ/वीडियाग्राफी |
| 3 | आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर माह 30 नवम्बर, 2019 तक समस्त निम्नलिखित प्रकार के प्रकरण निस्तारित है?<br>☐ समस्त मा0मुख्यमंत्री सन्दर्भ निस्तारित हैं।<br>☐ समस्त मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भ निस्तारित हैं।<br>☐ समस्त ऑनलाइन सन्दर्भ निस्तारित हैं।<br>☐ समस्त पी.जी.पोर्टल सन्दर्भ निस्तारित हैं। | 04 | • 01 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/फोटोग्राफ/वीडियाग्राफी |
| 4 | क्या जनपद स्तर पर सोशल मीडिया के माध्यम से जन–सूचना, जागरूकता तथा जन समस्याओं का निस्तारण समय–समय पर किया जा रहा है?<br>◯ हाँ ◯ नहीं<br>यदि हां तो इनमें से क्या–क्या उपयोग किया जा रहा है:–<br>☐ पब्लिक इन्फोंमेशन सिस्टम<br>☐ व्हाट्सअप<br>☐ फेसबुक पेज<br>☐ टिव्टर | 04 | • यदि हाँ तो 01 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/फोटोग्राफ/वीडियाग्राफी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | ई.एच.आर.एम.एस. पर जनपद में पंचायती राज विभाग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों (कर्लक) का रजिस्ट्रेशन एवं सर्विस बुक पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है?<br>☐ हाँ<br>☐ नहीं | 02 | • यदि हाँ तो 02 अंक | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ/वीडियाग्राफी |
| 6 | ई.एच.आर.एम.एस. पर जनपद में पंचायती राज विभाग के समस्त ए.डी.ओ.(पं0)/ग्राम पंचायत अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन एवं सर्विस बुक पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है?<br>☐ हाँ<br>☐ नहीं | 02 | • यदि हाँ तो 02 अंक | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ/वीडियाग्राफी |
| 7 | क्या जनपद के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मियों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया है?<br>☐ जी.पी.डी.पी.<br>☐ पंचायत इन्टरप्राईज सूट<br>☐ पी.एफ.एम.एस.<br>☐ ई.एच.आर.एम.एस.<br>☐ ओ.एस.आर.<br>☐ विमुद्रीकरण | 06 | • 01 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/ फोटोग्राफ/वीडियाग्राफी |
| 8 | वित्तीय वर्ष 2017–18 में आर.जी.एस.ए. योजनान्तर्गत जनपद को प्राप्त प्रशिक्षण सम्बन्धी कुल धनराशि का उपभोग का 30 नवम्बर, 2019 प्रतिशत अंकित करते हुए उपभोग प्रमाण–पत्र निदेशालय को प्रेषित किया गया है?<br>☐ 91–100 प्रतिशत<br>☐ 71–90 प्रतिशत<br>☐ 51–70 प्रतिशत<br>☐ 50 प्रतिशत से कम | 04 | • 0–50 –1 अंक<br>• 51–70–2 अंक<br>• 71–90–3 अंक<br>• 91–100–4 अंक | सम्बंधित दस्तावेज |
| 9 | ई–डिस्ट्रिक्ट पर जन्म, मृत्यु, कुटंब रजिस्टर के निस्तारण की प्रगति का प्रतिशत :–<br>☐ 91–100 प्रतिशत<br>☐ 71–90 प्रतिशत<br>☐ 51–70 प्रतिशत<br>☐ 50 प्रतिशत से कम | 04 | • 0–50 –1 अंक<br>• 51–70–2 अंक<br>• 71–90–3 अंक<br>• 91–100–4 अंक | सम्बंधित दस्तावेज |
| 10 | पी.ई.एस. सूट के अन्तर्गत आने वाली एप्लीकेशन जैसे की प्लान–प्लस, एक्शन सॉफ्ट, प्रियासॉफ्ट, एम–एकशन सॉफ्ट, एन.पी.पी. सापेक्ष जनपद स्तर पर प्रगति –<br>☐ वित्तीय वर्ष 2019–20 समस्त ग्राम पंचायतों के जी.पी.डी.पी. प्लान प्लस पर अपलोड की जा चुकी है | 04 | • 1 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ☐ गत्वर्ष में एक्शन–सॉफ्ट पर दिये गए समस्त कार्यों की पूर्ण/रद्द मार्क कर दिये गये हैं<br>☐ प्रिया–सॉफ्ट–पी.एफ.एम.एस. पर समस्त ग्राम पंचायतों का भुगतान ऑन लाइन है<br>☐ एम–एक्शन सॉफ्ट पर समस्त पंचायतों की वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2018–19 तक की जी.ओ. टैगिंग की जा चुकी है। | | | |
| 11 | मण्डलीय कार्यालय परिसर में सफाई सम्बन्धी हेतु निम्नलिखित गतिविधियों पर उत्तर दें–<br>☐ डी.पी.आर.ओ .कार्यालय कक्ष पूर्णतया स्वच्छ है।<br>☐ कार्यालय परिसर पूर्णतया स्वच्छ है। | 04 | • 02 अंक प्रत्येक विकल्प के लिए | सम्बंधित दस्तावेज/फोटोग्राफ |
| 12 | क्या जनपद कार्यालय में पुरूष एवं महिलाओं हेतु अलग–अलग शौचालय की व्यवस्था है तथा उनकी प्रतिदिन साफ–सफाई की जाती है (फोटो उपलब्ध करायें)<br>☐ हाँ<br>☐ नहीं | 02 | यदि हाँ तो 02 अंक | सम्बंधित दस्तावेज/फोटोग्राफ |
| 13 | जनपद स्तर पर उपलब्ध समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु बायोमैट्रिक उपस्थिति लागू है।<br>☐ हाँ<br>☐ नहीं | 02 | यदि हाँ तो 02 अंक | सम्बंधित दस्तावेज/फोटोग्राफ |
| 14 | जनपद कार्यालय को स्मार्ट कार्यालय बनाने हेतु किये गए अनुपम प्रयोग एवं उपलब्धियों का विवरणः–<br>(अधिकतम 500 शब्द)<br>☐ | 04 | – मूल्यांकन के आधार पर<br>• 100–शब्द –1 अंक<br>• 200–शब्द–2 अंक<br>• 300–शब्द–3 अंक<br>• 400/500 शब्द–4 अंक | सम्बन्धित दस्तावेज/फोटोग्राफ |